# लग्जरी कार में नकली शराब बनाते पकड़ा

**हिंदी न्यूज़**| उत्तर प्रदेश| मुजफ्फरनगर

Publish Date:Tue, 02 Apr 2019 06:27 AM (IST)

मुजफ्फरनगर:

हौंडा सिटी कार में नकली रॉयल स्टैग शराब तैयार करते एक बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। मौके से आरोपित के दो साथी फरार हो गए। पुलिस ने कार से केमिकल और नकली ब्रांडेड शराब बनाने में काम आने वाली देशी शराब व नशे की गोलियां बरामद की हैं। तैयार शराब का वितरण लोकसभा चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए किए जाने की आशंका है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

सोमवार को नई मंडी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग लग्जरी गाड़ी में ब्रांडेड नकली शराब बनाकर उसकी सप्लाई कर रहे हैं। सूचना के आधार पर नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांधी कालोनी चौकी प्रभारी सतीश कुमार व एसआइ सुखबीर सिंह ने मय फोर्स बताए स्थान पर जाल बिछा दिया। चौकी प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि बताए स्थान पर सोमवार को पुलिस चेकिग शुरू कर दी, लेकिन काफी प्रयास के बाद सफलता हाथ नहीं लगी। बताया कि पचेंडा रोड पर गोल्डन पब्लिक स्कूल के समीप जब पुलिस चेकिग कर रही थी तो दूर से एक हौंडा सिटी कार आती दिखाई दी। बताया कि पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने गाड़ी तेज दौड़ा दी। चौकी प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि इस दौरान पुलिस ने पीछा कर हौंडासिटी कार की घेराबंदी कर दी। बताया कि मौका देख कार में सवार दो बदमाश फरार हो गए, जबकि एक को दबोच लिया गया। बताया कि पकड़े गए बदमाश का नाम सुमित पुत्र राकेश बंसल निवासी पटेलनगर है।

------------

देशी मिलाकर तैयार करते थे विदेशी

पुलिस के अनुसार पकड़ी गई हौंडा सिटी कार से नकली रॉयल स्टैग ब्रांड की 13 बोतल बरामद की गई। बताया कि पकड़े गए आरोपित ने बताया कि वे लोग कार में ही नशीली गोलियां व देशी शराब तथा पव्वों को मिलाकर रॉयल स्टैग ब्रांड की नकली शराब तैयार करते थे। नकली विदेशी शराब बनाने में कुछ केमिकल भी मिलाया जाता था।

-----------

16 पेटी शराब व 21 पेटी पव्वे बरामद

रॉयल स्टैग का ब्रांड तैयार करने के लिए कार में कच्चे माल के तौर पर शराबऔर पव्वे से भरी बोतलों की पेटियां भी रखी गई थी। पुलिस के अनुसार कार से 16 पेटी शराब जिनमें करीब 192 बोतल तथा 21 पेटी पव्वे बरामद किये गए। इसके अलावा रॉयल स्टैग ब्रांड की खाली बोतलें भी बरामद की गई हैं। चलती कार में तैयार होती थी शराब

पुलिस के अनुसार आरोपित इतने शातिर हैं कि वे नकली ब्रांडेड शराब बनाने का काम चलती कार में ही कर लेते थे। जब मौका लगता था तो वे कार को रोककर भी काम करते थे। पकड़े जाने के डर से वे कार को सड़क पर दौड़ाते रहते थे। किसी का उन पर शक न हो, इसलिए ही शराब बनाने में वे लग्जरी गाड़ी का प्रयोग करते थे।

---------

एक दबोचा, दो मौके से फरार

नई मंडी कोतवाली पुलिस ने एक आरोपित सुमित पुत्र राकेश बंसल निवासी पटेलनगर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका भाई अमित उर्फ रिंकू व साथी कौशल उर्फ विशाल कश्यप निवासी शांतिनगर मौके से फरार हो गए।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/muzaffarnagar-arest-with-liqermuzzaffarnagar-19094216.html